छुम छुम बाजे पायलिया छवि दिखलाये कान्हा लिरिक्स

छुम छुम बाजे पायलिया,
छवि दिखलाये कान्हा,
मेरे घर आये कान्हा,
मेरे घर आये,
छुम छुम बाजे पायलियाँ।bd।

रैन अंधेरी चन्द्रस्वरुपी,
आ गये आ गये,
माता यशोदा और हम सबको,
भा गये भा गये,
कांधे कारी कामरिया,
मुख मुलकाते आये,
मेरे घर आये कान्हा,
मेरे घर आये,
छुम छुम बाजे पायलियाँ।bd।

भाद्रपद आठम की रैन,
सुहावनी सुहावनी,
मंगल मंगल गावे सब,
गजदामिनी दामिनी,
झिरमिर बरसें मेहुरियां,
रंग उढाते कान्हा,
मेरे घर आये कान्हा,
मेरे घर आये,
छुम छुम बाजे पायलियाँ।bd।

सुनकर बंसी सखियाँ सुधबुध,
खो गई खो गई,
मैं तो मेरे सांवरिया की,
हो गई हो गई,
ऐसे प्यारे सांवरिया,
धूम मचाते आये,
मेरे घर आये कान्हा,
मेरे घर आये,
छुम छुम बाजे पायलियाँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

छुम छुम बाजे पायलिया,
छवि दिखलाये कान्हा,
मेरे घर आये कान्हा,
मेरे घर आये,
छुम छुम बाजे पायलियाँ।bd।

स्वर – संत श्री सुखराम जी महाराज।
Upload By – Keshav

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com